सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
Central Coalfields Limited

हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई और ढेरों शुभकामनाएं।
14 सितंबर हमारे लिए न केवल एक ऐतिहासिक दिन है, बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक और भाषाई गौरव का प्रतीक भी है। आज से ठीक 75 साल पहले, 14 सितंबर 1949 को हिंदी दिवस को हमारी संविधान सभा ने राजभाषा के रूप में स्वीकार किया और इस महत्वपूर्ण निर्णय की स्मृति में 1953 से हिंदी दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई। तब से लेकर आज तक, हिंदी ने न केवल साहित्य और प्रषासन में बल्कि तकनीकी विकास के क्षेत्र में भी अद्वितीय प्रगति की है। यह भाषा की शक्ति और उसकी बढ़ती प्रासंगिकता तथा सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता का जीवंत प्रमाण है।

हिंदी हमारे देष की सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। इसकी सरलता, सहजता और संप्रेषणीयता ने इसे भारत के कोने–कोने तक पहुंचा दिया है। यह केवल एक भाषा नहीं, बल्कि विभिन्न भारतीय भाषाओं के बीच संवाद और एकता का पुल है, जो रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देती है। आज, हिंदी की प्रासंगिकता केवल भारत तक सीमित नहीं है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के तेज़ी से बदलते युग में, हिंदी ने अपनी महत्वपूर्ण जगह बनाई है। कंप्यूटर, इंटरनेट और सोषल मीडिया पर हिंदी के बढ़ते प्रयोग ने इसे वैष्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। यूनिकोड जैसी तकनीक और वॉयस टाइपिंग के आगमन से हिंदी में काम करना पहले से कहीं अधिक सुगम हो गया है। आज हम डिजिटल युग में हम वह मोड़ पर खड़े हैं जहां कार्यालयीन कार्यो को भी आसानी से हिंदी में किया जा सकता है।

इस हिंदी दिवस पर, सीसीएल परिवार के सभी सदस्यों से मेरी अपेक्षा है कि वह अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यो में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित – प्रोत्साहित करें। साथ ही, राजभाषा हिंदी के विकास और प्रगति के लिए जो दिषा–निर्देष समय–समय पर जारी होते है, उनका पालन अपने विभाग, अनुभाग और कार्यालय मे सुनिष्चित करें ।

हिंदी सम्मान के साथ आत्मसम्मान की भाषा है। यह हिंदी दिवस का पर्व अपनी संस्कृति की जड़ों से जुड़कर उसकी समृद्धि का जष्न मनाने का दिन है। आज हम सब यह प्रण लें कि हम न केवल अपने कार्यालयीन कार्यों में, बल्कि अपने व्यक्तिगत जीवन में भी हिंदी को आदर और सम्मान के साथ अपनाएंगे और दूसरों को भी हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित करेंगे !

हिंदी दिवस के अवसर पर सीसीएल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

शुभकामनाओं सहित

(निलेन्दु कुमार सिंह)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक